प्रेस नोट

जनपद सीतापुर

"ऑपरेशन पाताल" के तहत 02 टॉप टेन अपराधी गिरफ्तार, 02 अवैध तमंचा/कारतूस बरामद

दिनांक 30.05.22

पुलिस उपमहानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक श्री आर.पी. सिंह द्वारा "ऑपरेशन पाताल" के तहत जनपद में सघन चेकिंग एवम् अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं।

दिये गये निर्देश के क्रम में थाना मछरेहटा व थानगांव की पुलिस टीमों द्वारा चेकिंग के दौरान कुल 02 टॉप 10 अभियुक्तों को 02 अवैध शस्त्र व कारतूस सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार **अभियुक्तगण शातिर एवम् अभयस्त अपराधी हैं जिनके विरुद्ध पूर्व में विभिन्न धाराओं में कई अभियोग पंजीकृत हैं।** विवरण निम्नवत् है-

थाना मछरेहटा द्वारा 01 अवैध तमंचा/कारतूस सहित 01 टॉप 10 अपराधी गिरफ्तारः-

मछरेहटा पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान टॉप-10 अपराधी अजय कनौजिया पुत्र रामेश्वर दयाल निवासी ग्राम मधवापुर थाना मछरेहटा जनपद सीतापुर को संडीला तिराहे से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है । जिससे 01 अदद देशी तमंचा 12 बोर व 01 जिन्दा कारतूस 12 बोर को बरामद हुआ है। बरामदगी के संबंध में अभियुक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 159/22 धारा 25(1-बी) आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर वैधानिक कार्यवाही पश्चात् अभियुक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया है।***उल्लेखनीय है कि*** *गिरफ्तार अभियुक्त शातिर एवम् आपराधिक प्रवृत्ति का है एवम् थाने का टॉप-10 अपराधी है। अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध विभिन्न् धाराओं में कई अभियोग पंजीकृत है।*

आपराधिक इतिहास अभियुक्त अजय उपरोक्त-

1. मु0अ0सं0 215/19 धारा 323/504/506/354 भादवि व 7/8 पाक्सो एक्ट थाना मछरेहटा सीतापुर
2. मु0अ0सं0 289/19 धारा 354ख भादवि व 7/8 पाक्सो एक्ट थाना मछरेहटा सीतापुर
3. मु0अ0सं0 159/22 धारा 25(1-B) A Act थाना मछरेहटा सीतापुर

थाना थानगांव द्वारा 01 अवैध तमंचा व कारतूस सहित टॉप 10 अपराधी गिरफ्तारः- थाना थानगांव पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान टॉप 10 अभियुक्त श्यामू पुत्र पताली निवासी ग्राम सुजातपुर मटियारी थाना थानगाँव जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से एक अदद अवैध तमन्चा व कारतूस 12 बोर बरामद हुआ। बरामदगी के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 155/22 धारा 25(1-बी) आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त का चालान मा0

न्यायालय किया गया है। **उल्लेखनीय है कि अभियुक्त थाना हाजा का टॉप 10 अपराधी भी है, जिसके विरुद्ध पूर्व में भी अवैध शराब/शस्त्र आदि के संबंध में कई अभियोग पंजीकृत है।**

<u>आपराधिक इतिहास अभियुक्त श्यामू उपरोक्त</u>

1. मु0अ0सं0 157/20 धारा 60(2) आब0 अधि0 थाना थानगाँव सीतापुर
2. मु0अ0सं0 141/21 धारा 60(2) आब0 अधि0 थाना थानगाँव
3. मु0अ0सं0 227/21 धारा 60 आब0 अधि0 थाना थानगाँव सीतापुर।
4. मु0अ0सं0 244/21 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना थानगाँव सीतापुर।
5. मु0अ0सं0 151/21 धारा 25(1-B) आर्म्स एक्ट थाना थानगाँव सीतापुर।
6. मु0अ0सं0 155/22 धारा 25(1-B) आर्म्स एक्ट थाना थानगाँव सीतापुर